Mata Ramkali Memorial Trust

(Reg No: 381/2016 Registrar, Lucknow. Uttar Pradesh, India)

Web: www.mrmt.org.in E-mail: matarkmtrust@gmail.com

सेवा में दिनांक: 12.02.2021

ग्राम प्रधान

ग्राम सभा: कोलाद

ब्लॉक / तहसील: नामकुम,

जिला: रांची, झारखंड

विषय: गांव में बेकार पड़ी बंजर भूमि में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि आधारित रोजगार देने वाली शिक्षण संस्थाओं को स्थापित करने के संबंध में

महोदय

मेरे संज्ञान में आया है की आपके ग्राम सभा कोलाद एवं टोला कटला हेस्सा में बंजर भूमि जो कृषि योग्य नहीं है तथा निर्वंश हो गई है ऐसी बेकार पड़ी बंजर भूमि में मेरी संस्था माता राम कली मेमोरियल ट्रस्ट, वृंदावन योजना, लखनऊ (यू.पी) भारत, पंजीकरण संख्या 381/2016 लखनऊ (यूपी) में भारतीय चैरिटी अधिनियम, 1882 के प्रावधानों के अनुसार एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में कार्य करती है

इस संबंध में आपको अवगत कराना चाहता हूं कि मेरी संस्था ऐसी बेकार पड़ी बंजर भूमि पर विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय बनाने की इच्छुक है जिससे कोलाद एवं पूरे क्षेत्र का सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक विकास हो सके, क्षेत्र के रहने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़े वर्गों एवं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों का विकास हो सके, उनको रोजगार के अवसर मिल सके तथा छात्र छात्राओं को कृषि शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, प्रबंधन शिक्षा, सामाजिक विज्ञान एवं कला शिक्षा. आजीविका एवं खाद्य सुरक्षाखाद्य सुरक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता में अवसर मिल सके.

यह ट्रस्ट चैरिटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत है इस बेकार पड़ी बंजर भूमि पर विद्यालय, महाविद्यालय, एवं विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों की स्थापना करना चाहता है जिससे विभिन्न प्रकार की शिक्षा जैसे स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, कृषि शिक्षा, प्रबंधन शिक्षा, कला शिक्षा संकाय इत्यादि शिक्षण एवं प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर काम करके तथा अन्य प्रकार के ऐसे सभी तौर तरीकों से जिसमें इन समाज के कमजोर वर्गों का सामाजिक, आर्थिक विकास हो सके वह योजनाएं जैसे कृषि उत्पाद विकास, मूल्य संवर्धन, कृषि / बागवानी / मधुमक्खी पालन/ वन उपज के खाद्य प्रसंस्करण के साथ-साथ संबद्ध गतिविधियों, पशुधन उत्पादन और प्रबंधन जिसमें मवेशी, मुर्गी पालन, बकरी, सुअर पालन, मछली पालन / उत्पादन एवं इनके मूल्य संवर्धन, विपणन आदि के उन्नत गतिविधियां एवं शिक्षण-प्रशिक्षण कार्य के माध्यम से क्षेत्र के विकास का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके गांव में ऐसी बंजर पड़ी बेकार भूमि जो कृषि के योग्य नहीं हो, ऐसी 50- 100 एकड़ भूमि ट्रस्ट को उपलब्ध कराने की कृपा करें, जिससे यह चैरिटेबल ट्रस्ट अपने उच्च तकनीकी प्राप्त, कुशल प्रबंधकों एवं वैज्ञानिकों के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय, सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के सहयोग से संसाधन जुटाकर विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय जैसी शिक्षण संस्थान स्थापित कर सके जिससे इस क्षेत्र एवं प्रदेश में रहने वाले लोगों का सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक विकास हो सके.

सधन्यवाद

(डॉ आर एस कुरील)
अध्यक्ष
Email:drrskureel@gmail.com
M:9871450315